भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2329

जिसका उत्तर 05.03.2020 को दिया जाना है

पश्चिमी बंगाल में एनएचएआई परियोजनाएं

2329. श्री दिलीप घोषः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान पश्चिमी बंगाल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) आगामी पांच वर्षों के दौरान पश्चिमी बंगाल में एनएचएआई द्वारा कार्यान्वित करने हेतु प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) गत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 840 किमी समेकित लंबाई की कुल 14 परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं।

(ख): भारतमाला स्कीम के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल राज्य में लगभग 1261 किमी समेकित लंबाई की कुल 19 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

*****